अमर उजाला 09/03/2026

साइबर सुरक्षा विषय पर किया जागरूक

अंबाला। जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में महिला सशक्तिकरण और साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भावी नर्सों को डिजिटल युग की चुनौतियों और उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना था।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जीएमएन कॉलेज के एमसीए विभाग की सहायक प्रो. डॉ. गीता कौशिक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में महिला सशक्तिकरण केवल सामाजिक अधिकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल साक्षरता भी इसका अहम हिस्सा है।

उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, पासवर्ड सिक्योरिटी और ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के व्यावहारिक टिप्स साझा किए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम लखन माली ने कहा कि शिक्षा और आत्मविश्वास के माध्यम से ही महिलाएं समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बना सकती हैं, वहीं कॉलेज सलाहकार डॉ. रोहित दत्त ने अपने संदेश में कहा कि साइबर जागरूकता वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है। संवाद